हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, बुधवार, 10 जनवरी 2024

तापमान
अधिकतम 12.0 डिग्री
न्यूनतम 9.2 डिग्री

12 मारपीट के आरोपित के खिलाफ कार्रवाई के आदेश



12 विकसित भारत संकल्प की शपथ दिलाई



## खबर संक्षेप

### सब तहसील कार्यालय से बैंटरियां चोरी

**यमुनानगर।** गांव सलेमपुर निवासी मनीत शर्मा ने बताया कि वह सब तहसील कार्यालय साढौरा में कंप्यूटर ऑपरेटर के पद पर नौकरी करता है। पांच जनवरी को वह कार्यालय बंद करके घर चला गया था। सुबह नायब तहसीलदार के रीडर का फोन आया कि तहसील कार्यालय का दरवाजा टूटा पड़ा है।जांच करने पर तहसील कार्यालय से 16 बैंटरियां गायब मिली। उसने चोरी की सूचना पुलिस को दी।

### इंद्र इंटरप्राइजिज फैक्टरी से लाखों के तार चोरी

**यमुनानगर।** जय सिटी जगाधरी निवासी संदीप कुमार ने बताया कि उसकी बाढ़ी माजरा गधौली का माजरा में इंद्र इंटरप्राइजिज के नाम से फैक्टरी है। सात जनवरी की रात को चोरों ने उसके फैक्टरी से बायलर, पैनल, फिल्म फेस ड्रायर, केटल की तारें चोरी कर ली। जिसकी कीमत करीब सात लाख रुपये है।

### नागरिकों को मिल रहा लाभ

**नारायणगढ़।** विकसित भारत संकल्प यात्रा जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन गांव मुन्नामाजरा तथा बाकरपुर में किया गया। इस अवसर निगरानी समिति के पूर्व चेयरमैन नरेंद्र राणा कुराली ने 2047 तक भारत को पूर्ण 'विकसित और आत्मनिर्भर' राष्ट्र बनाने की शपथ दिलवाई।उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार ने व्यवस्था परिवर्तन करते हुए बिचौलियों को खत्म करने का कार्य किया है। सरकार ने सुनिश्चित किया है कि योजनाओं का सीधा लाभ नागरिकों तक पहुंचे।

### कार की टक्कर से युवक की मौत

**पानीपत।** हरिद्वार हाईवे पर कार की टक्कर लगने से 19 वर्षीय मोहित निवासी गांव अबदान नगर हुलानी जिला शामली, उत्तर प्रदेश की मौत हो गई। मोहित के पिता जसबीर की शिकायत पर थाना सनौली खुर्द पुलिस ने अज्ञात कार के चालक पर गैर इरादन हत्या के आरोप में केस दर्ज किया है।

# फौज से रिटायर कैप्टन मेवा सिंह ने पेश की जज्बे की मिसाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कहते हैं कि जब इंसान ठान ले तो सब कुछ कर सकता है। ऐसी ही एक जज्बे और हौसले की मिसाल पेश की है कुरुक्षेत्र के डेरा कुंदनपुर लुखी के निवासी कैप्टन मेवा सिंह ने जिन्होंने अपनी मिट्टी का कर्ज चुकाने के लिए गांव का पूरा हुलिया बदल दिया। एक और जहां ग्रामीणों को विकास कार्यों के लिए सरकार की ओर देखना पड़ता है, लेकिन इन्होंने अपने दम पर गांव को न केवल सबसे साफ सुथरा बनाया बल्कि शहर की तर्ज पर सीवरेज व्यवस्था का निर्माण करके लोगों को बीमारियों की चिंता से भी मुक्त करने का काम किया है।

- **गांव को बनाया सबसे स्वच्छ, शहर की तर्ज पर गांव में है सीवरेज सिस्टम**



कुरुक्षेत्र। गांव का निरीक्षण करते स्वच्छ भारत मिशन हरियाणा के वाइस चेयरमैन सुभाष चंद्र। फोटो : हरिभूमि

कैप्टन मेवा सिंह के द्वारा किए गए इन कार्यों की गूंज जब स्वच्छ भारत मिशन हरियाणा के वाइस चेयरमैन सुभाष चंद्र तक पहुंची तो उन्हें भी यह गांव देखने की इच्छा जागृत हुई और मुख्यमंत्री का स्वच्छता संदेश लेकर वह मंगलवार को कैप्टन मेवा सिंह के डेरा कुंदनपुर लुखी में पहुंचे जहां उन्होंने सबसे पहले स्थानीय गुरुघर में शीश नवाया। उसके बाद उन्होंने गुरुद्वारा प्रांगण में ग्रामीणों के साथ गांव पर चर्चा की। इस दौरान उनके साथ जिला परिषद के कार्यकारी अधिकारी अशोक मुंजाल व सरपंच प्रतिनिधि जसविंदर सिंह भी मौजूद रहे।

गांव का निरीक्षण करने के दौरान सुभाष चंद्र ने पाया कि गांव में कहीं भी गंदगी का नामोनिशान नहीं था और गांव की तरह नालियां भी यहां नजर नहीं आई। पूरे गांव में सीवरेज सिस्टम को देखकर वे गांव की तारीफ किए बिना नहीं रह सके। उन्होंने कहा कि अगर प्रदेश के सभी लोग ठान लें तो वह भी अपने गांव को शहर जैसा विकसित बना सकते हैं। जरूरत है केवल आगे बढकर एक कदम उठाने की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जब स्वच्छ भारत मिशन अभियान शुरू किया तो उस समय किसी को यह पता नहीं था कि यह अभियान एक दिन जन आंदोलन बन जाएगा। उन्होंने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन एक आमजन का मिशन है इसे गैर सरकारी बनाना ही हमारा मकसद है। कैप्टन मेवा सिंह ने जो कार्य किया है वह औरों के लिए एक उदाहरण है।

### गांव में एक आधुनिक लाइब्रेरी बनाने का सपना

वहीं कैप्टन मेवा सिंह ने बताया कि वे जब गांव में थे तो गंदगी और खुली नालियां देखकर उनका मन करता था कि यहां भी शहर की तरह स्वच्छता और सीवरेज व्यवस्था हो। उन्होंने ठान लिया की वह इसको हरियाणा का एक सबसे सुंदर और स्वच्छ गांव बनाएंगे। बस फिर क्या था उन्होंने गांव के लोगों के साथ मिलकर गांव की तस्वीर को बदलने का काम शुरू कर दिया। बिना किसी सरकारी मदद के उन्होंने गांव में विकास के साथ-साथ लोगों की सोच को भी बदला। आज उनके मेहनत और जज्बे की बदौलत यह गांव कुरुक्षेत्र ही नहीं बल्कि प्रदेश के एक सबसे सुंदर और स्वच्छ गांव के रूप में चमक रहा है। उन्होंने कहा कि अब उनका सपना गांव में एक आधुनिक लाइब्रेरी बनाने का है जहां बच्चे आईएएस और आईपीएस की तैयारी कर सकें। सीईओ जिला परिषद अशोक मुंजाल ने कैप्टन मेवा सिंह के जज्बे की तारीफ करते हुए कहा की गांव में जो भी विकास कार्य बाकी है उन्हें पूरा करने का भरपूर प्रयास करेंगे। उन्होंने यहां पर लाइब्रेरी और स्ट्रीट लाइट के लिए भी प्रस्ताव मांगा है।

### पहले की देश सेवा अब समाज सेवा

डेरा कुंदनपुर लुखी गांव के हर घर से एक फौजी है। कैप्टन मेवा सिंह खुद भी सेना से रिटायर है और अब उनका सपना अपने गांव को शहर की तर्ज पर विकसित करने का है। इसी सपने को लेकर उन्होंने करीब 10 साल पूर्व गांव में सुधार कार्य शुरू किया। सबसे पहले उन्होंने गांव के लोगों को इक_ा कर उन्हें स्वच्छता का महत्व बताया और फिर सबको साथ लेकर इस को एक मॉडल विलेज बना डाला। इस डेरे में करीब सवा सौ घर है। यही नहीं कैप्टन मेवा सिंह ने अपनी जमीन देकर गांव में गुरुद्वारा, तालाब, कचरा घर और शमशान भूमि का निर्माण भी कराया है। अब गांव के अधिकतर बच्चे विदेश में सेटल हैं। विदेश से भी गांव के बच्चे आर्थिक मदद करने के लिए तैयार रहते हैं। यही कारण है कि कम जमीन और ना के बराबर बजट होते भी ये गांव प्रदेश में एक मिसाल बन गया है।

# सफाई को लेकर नगर निगम ने अदालत में जमा की रिपोर्ट

## जांच में शिकायत नंबर नौ डिजिट के निकले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

शहर की सफाई का मुद्दा नगर निगम के अफसरों के गले की फांस बन गया है। इस मामले में बीते रोज निगम की ओर से अदालत में जवाब दायर किया। मगर निगम की ओर से फिर ऐसी हरकत हो गई जिससे अदालत भी नाराज दिखी। निगम ने कोर्ट में जो जवाब दाखिल किया है उसमें कूड़े की शिकायत को लेकर दिए गए मोबाइल नंबर ही गलत पाए गए। दो मोबाइल नंबर दिए गए थे लेकिन दोनों मोबाइल नंबर 9 डिजिट के हैं। ये मोबाइल नंबर 899985446 व 899985447 बताए गए हैं। रिपोर्ट में ये नंबर जानबूझकर तो नहीं दिए गए इस पर अब 12 जनवरी को सुनवाई होगी।

- **निगम की हरकत पर अदालत नाराज, अब 12 को करना होगा जवाब दाखिल, सफाई को लेकर मुसीबत में फंसे हैं अधिकारी**

### रिपोर्ट दाखिल करने के निर्देश

नगर निगम के अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया था कि कूड़े की शिकायत के संबंध में 9 फरवरी 2023 को शिकायत सेल स्थापित की गई थी। कूड़े की शिकायत के लिए लैंड लाइन, मोबाइल नंबर और ईमेल सार्वजनिक किए हुए हैं। ये भी बताया था कि एजेंसी पर कूड़े की शिकायतों के निपटान न करने की एवज में 7 लाख 20 हजार का जुर्माना भी किया है। निगम के इस जवाब को देखते हुए कोर्ट ने अटैच किए वाहनों को अगले आदेशों तक रिलीज कर दिया था।अब कोर्ट ने निगम से एजेंसी के साथ किए 19 दिसंबर 2022 के अनुबंध के तहत बिंदु 6,8,11 व 12 के अनुपालन के संबंध में रिपोर्ट दाखिल करने के निर्देश दिए हैं। इसमें एजेंसी के डोर-टू-डोर कूड़ा उठाने की प्रक्रिया, कूड़े के सेग्रीगेशन, ट्रांसपोर्टेशन एवं डिस्पोजल के साथ मैन पॉवर, रिर्सोस एवं टेक्नोलॉजी और मशीनों की स्थिति आदि के बिंदुओं पर रिपोर्ट मांगी है।

# कड़ाके की ठंड से छुटी लोगों की कंपकंपी

## बर्फीली शीतलहर के चलने से जन-जीवन हुआ अस्त-व्यस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

पिछले दस दिन से जिले में दिन भर बर्फीली हवाओं के चलने और सुबह के वक्त घना कोहरा छाए रहने के साथ दिन भर आसमान में धुंध के बादल छाए रहने से मौसम में कड़ाके की ठंड का प्रकोप बढ़ने से लोग परेशान हो उठे हैं। कड़ाके की ठंड ने जहां लोगों की कंपकपी छुटा रखी है, वहीं, फसलें भी कोहरे से प्रभावित होने लगी हैं। आलम यह है कि दिन भर लोग अलाव जलाने और गर्म कपड़ों में दुबकने को मजबूर हो गए हैं। वहीं, फसलों कोहरे से बचाने के लिए किसान उनमें सिंचाई और दवाइयों का स्प्रे करने लगे हैं।

### दस दिन से नहीं हुए सूर्यदेव के दर्शन

आसमान में दिन भर धुंध के बादल छाए रहने और सुबह के वक्त घना कोहरा छाए रहने की वजह से पिछले दस दिन से जिले में सूर्यदेव के दर्शन नहीं हुए हैं। मंगलवार को लोगों को उम्मीद थी कि सूर्यदेव के दर्शन होंगे और ठंड के कहर से कुछ राहत मिलेगी। मगर दिन भर सूर्यदेव के दर्शन नहीं हुए और आसमान में धुंध के बादल छाए रहने के साथ बर्फीली हवाएं चलने से मौसम में कड़ाके की ठंड बनी रही। सब्जी उत्पादक किसान कृष्ण व मंशा राम का कहना है कि आलू की फसल के पत्ते पाला पड़ने से झूलसने लगे हैं। जिससे फसल की पैदावार कम होने के आसार बन गए हैं।



यमुनानगर। घना कोहरा पड़ने से प्रभावित हुई आलु की फसल। फोटो : हरिभूमि

### निमोनिया, खांसी व जुखाम से पीड़ित होने लगे लोग

मौसम में ठंड बढ़ने से बच्चे, महिलाएं, बुजुर्ग निमोनिया, खांसी व जुखाम आदि बीमारियों से पीड़ित होने लगे हैं। चिकित्सकों ने बच्चों और बुजुर्गों को अधिक ठंड में बाहर नहीं निकलने की सलाह दी है। यदि जरूरी है तो गर्म कपड़े लपेट कर ही बाहर निकलें। इस दौरान पानी को गर्म करके पीएं और ठंडी वस्तुओं के खाने से परहेज करें।

### लोग घरों में दुबकने पर मजबूर

कुरुक्षेत्र। पिछले कई दिनों से पड़ रही कड़ाके की ठंड से आमजन का जीना मुहाल हो गया है। कई दिनों से लगातार तापमान में गिरावट दर्ज की जा रही है। जिससे ठंड लोगों को जमकर परेशान कर रही है। मंगलवार को अधिकतम तापमान 14 डिग्री सेल्सियस तथा न्यूनतम तापमान छह डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मंगलवार को ठंड के साथ धुंध भी रही। इस का सीधा असर यातायात पर देखने को मिला। तेज रफ्तार में दौड़ने वाले वाहन रेंगते हुए नजर आए। सुबह के समय भी वाहन चालक हेड लाइट जलाकर चलते नजर आए। लेकिन धुंध का असर कम होने का नाम नहीं ले रहा था। शहरी क्षेत्र के मुकाबले ग्रामीण क्षेत्र में धुंध का प्रभाव अधिक देखने को मिला। धुंध ने लोगों को जमकर परेशान किया। विशेषज्ञों के अनुसार रबी की फसल को बढ़ने के लिए धुंध व ठंड की आवश्यकता होती है। फिलहाल का मौसम फसलों के अनुकूल है। जिससे कि किसानों के भी चेहरे खिले हुए हैं। ठंड में स्वास्थ्य का भी ध्यान रखने की जरूरत है। नागरिक अस्पताल के सीएमओ डा. सुखबीर सिंह ने ठंडे पेय पदार्थ का सेवन ना करने, हल्का गर्म पानी पीने, पूरी शरीर को कपड़ों से ढकने जैसी सावधानी बरतने की सलाह दी है। पिछले 10 दिन से कड़ाके की ठंड के साथ कोहरा भी पड़ रहा है। सूर्य भी नहीं दिखाई दे रहा है। आकाश में दिनभर बादलवाई बनी रहती है। पूर्व से चली ठंडी हवा से से जनजीवन पर काफी असर पड़ा। लोग घरों में दुबकने पर मजबूर रहे।

- **धुंध के कारण यातायात हुई प्रभवित**



# पानीपत: बबैल में नवदंपती की संदिग्ध हालत में मौत

**पानीपत।** पानीपत के गांव बबैल में नवविवाहित 24 वर्षीय गुरमीत व इसकी 22 वर्षीय पत्नी तन्नू की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। दोनों सोमवार की रात को अपने कमरे में सोए थे। मंगलवार की सुबह दोनों कमरे में मृत मिले। वहीं परिजनों ने पुलिस को सूचना दिए बिना ही गांव की शमशान भूमि में गुरमीत व तन्नू की अंत्येष्टि की दी। पुलिस की जांच में पता चला कि गत वर्ष 21 नवंबर को गुरमीत निवासी गांव बबैल का विवाह तन्नू निवासी गांव रामनगर जिला पानीपत के साथ हुआ था। परिजनों व मायके वालों का दावा है कि दोनों का दांपत्य जीवन पूरी तरह से सुखी था। वहीं गुरमीत के पिता कृष्ण का निधन हो गया था और सोमवार को उनकी तेहरवीं थी। रिश्तेदारों के जाने के बाद गुरमीत व उसकी पत्नी तन्नू अपने कमरे में सोने चले गए, जबकि अन्य परिजन भी सो गए। मंगलवार की सुबह जब गुरमीत व तन्नू कमरे से बाहर नहीं निकले तो परिजनों ने दरबाजा खटखटाया, लेकिन अंदर कोई हलचल नहीं थी, अनहोनी की आशंका के चलते परिजनों ने दरबाजा तोड दिया, बैड पर गुरमीत व तन्नू मृत हालत में पडे मिले। इधर, गांव के सरपंच विक्की का दावा है कि सर्दी अधिक होने के चलते गुरमीत व तन्नू ने अपने कमरे में अंगीठी जला रखी थी और कमरे में हवा की क्रासिंग नहीं होने के चलते दोनों की दम घुटने से मौत हो गई।

# यूपी में चल रहे भ्रूणलिंग जांच के खेल का पर्दाफाश

**पानीपत।** पानीपत की स्वास्थ्य विभाग की टीम ने यूपी में अवैध तरीके से चल रहे भ्रूण लिंग जांच के खेल का पर्दाफाशकिया है। टीम ने पानीपत के राणा माजरा निवासी दलाल को ट्रैप लगाकर पकड़ा है। उसके कब्जे से उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर के एक निजी अस्पताल की अल्ट्रासाउंड रिपोर्ट जब्त की गई। वहीं, सनौली थाना पुलिस को दी शिकायत में पीएनडीटी नोडल ऑफिसर डॉ. पवन कुमार ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग को सूचना मिली थी कि पानीपत जिला और इसके आस-पास के क्षेत्रों में अवैध रूप से भ्रूण लिंग जांच किया एवं करवाया जा रहा है। गर्भवती महिलाओं को जांच के लिए यूपी में ले जाया जाता है। इससे पानीपत का लिंगानुपात प्रभावित हो रहा है। गुप्त सूचना के आधार पर भ्रूण लिंग जांच के लिए सूचना देने वाले के माध्यम से दलाल अमजद निवासी राणा माजरा से 20 हजार में सौदा तय हुआ। पांच जनवरी को टीम का गठन किया गया। इसके बाद 12 सप्ताह की एक गर्भवती महिला से टीम ने संपर्क किया। उसकी सहमति पर 8 जनवरी को सूचना देने वाले माध्यम से अमजद से संपर्क किया गया। अमजद, गर्भवती महिला को अपनी गाड़ी में बैठा कर यूपी के मुजफ्फरनगर ले गया। टीम ने उसका यहां तक पीछा किया। लेकिन यहां जाम में गाड़ी फंसने की वजह अमजद की गाड़ी टीम की आंखों से ओझल हो गई। महिला से संपर्क करने की कोशिश की गई, लेकिन संपर्क नहीं हो सका। काफी इंतजार के बाद पता लगा कि लिंग जांच करवाने के बाद वे वापस पानीपत की ओर रवाना हो चुके हैं। टीम ने सनौली नाका पर आपसी तालमेल के जरिए अमजद की गाड़ी को रूकवाया। जहां से टीम ने अमजद के कब्जे से वशिष्ठ अस्पताल मुजफ्फरनगर की अल्ट्रासाउंड रिपोर्ट ली। दलाल अमजद को भ्रूण लिंग जांच के बारे में पूछा गया तो उसने स्वीकार किया कि उसने खुद महिला को उसके गर्भ में पल रहे भ्रूण का लिंग लड़की बताया है। वहीं पुलिस ने इस मामले की जांच शुरू कर दी है।

- **स्वास्थ्य विभाग की टीम ने दलाल पकडा, दलाल ने भ्रूण की जांच कराना स्वीकारा, पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू की**

# नशीला पदार्थ रखने के आरोपी को सुनाई कारावास की सजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

जिला कुरुक्षेत्र के अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश आशु कुमार जैन की अदालत ने नशीला पदार्थ रखने के आरोपी को रवि कुमार पुत्र पाला राम वासी गुढा हॉल वासी इंद्रा कॉलोनी थानेसर कुरुक्षेत्र को 1 वर्ष कारावास व 5 हजार रुपये जूमार्ने की सजा सुनाई। उप जिला न्यायवादी प्रदीप मलिक ने बताया कि दिनांक 29 मई 2018 को अपराध अन्वेषण शाखा -2 के उप निरीक्षक गुलाब सिंह, हवलदार जयपाल,अरविन्द कुमार, सिपाही मनोज कुमार की टीम अपराध तलाश में कंडा चौंक कुरुक्षेत्र पर मौजूद थी। पुलिस टीम को एक नोजवान लड़का रेलवे रोड की तरफ से आता हुआ दिखाई दिया जिसको पुलिस टीम ने शक के आधार पर काबू किया। युवक की पहचान रवि कुमार पुत्र पाला राम वासी गुढा हॉल वासी इंद्रा कॉलोनी थानेसर कुरुक्षेत्र के रूप में हुई। पुलिस टीम द्वारा उसकी तलाशी लेने पर आरोपी रवि कुमार से 1 किलो 600 गांजा बरामद हुआ। मामले की नियमित सुनवाई करते हुए अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री आशु कुमार जैन की अदालत ने गवाहों व सबूतों के आधार पर सजा सुनाई। जुर्माना अदा न करने की सूरत में 01 महीने का अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतनी होगी।

## व्हाट्सएप नंबर जारी कर बेसहारा पशुओं का फोटो व लोकेशन भेजने के लिए लोगों से की अपील

सड़कों पर घूम रहे बेसहारा पशुओं के कारण हर दिन हो रहे हादसे

# शहर में घूम रहे बेसहारा पशुओं को पकड़ने के लिए हरकत में आया नगर निगम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

शहर में घुम रहे बेसहारा पशुओं को पकड़ने के लिए नगर निगम हरकत में आया है। नगर निगम अधिकारियों ने व्हाट्सएप नंबर जारी कर लोगों को बेसहारा पशुओं को फोटो व लोकेशन भेजने कि अपील की है। शहर में घुम रहे आवारा पशुओं के कारण हर दिन हादसे हो रहे है। शहरवासी निगम अधिकारियों से आवारा पशुओं को पकड़ने के लिए कई बार अपील कर चुके हैं।

मंगलवार को नगर निगम आयुक्त आयुष सिन्हा ने गोशाला प्रबंधकों व पशुपालन विभाग के अधिकारियों की बैठक ली। बैठक के दौरान निगम आयुक्त आयुष सिन्हा ने गोशाला प्रबंधकों को निर्देश दिए कि निगम द्वारा पकड़कर गोशालाओं में छोड़े जा रहे बेसहारा पशुओं की देखरेख सही तरीके से हो। उन्होंने दोनों सीएसआई व पशुपालन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि शहर में घूम रहे बेसहारा पशुओं को पकड़ने के साथ टैग लगाना सुनिश्चित करें। ताकि उनकी अलग पहचान हो और गोशाला प्रबंधन उन्हें दोबारा न छोड़ सके।



यमुनानगर के निगम कार्यालय में गोशाला प्रबंधकों व अधिकारियों की बैठक लेते निगम आयुक्त आयुष सिन्हा।

सिन्हा ने कहा कि शहर में घूम रहे बेसहारा गोवंशों को पकड़ने के लिए नगर निगम ने अभियान चलाया हुआ है। नगर निगम क्षेत्र में घूम रहे बेसहारा गोवंशों को पकड़कर गोशालाओं में छोड़ा जा रहा है। चारे के लिए नगर निगम द्वारा गोशाला संचालकों को प्रतिदिन 30 रुपये प्रति पशु के हिसाब से खर्च दिया जाता है। ताकि गोशाला में इन पशुओं के लिए चारे की समस्या न हो। यह कार्य कर नगर निगम बेसहारा पशुओं को सहारा देने का काम कर रहा है। बीते दो माह में नगर निगम द्वारा काफी संख्या में शहर में घूम रहे बेसहारा पशुओं को पकड़कर गोशाला पहुंचाया है। जब तक शहर बेसहारा पशुओं से मुक्त नहीं हो जाता, यह अभियान जारी रहेगा। शहर को बेसहारा पशुओं से मुक्त बनाने के लिए शहरवासी भी सहयोग करें। नगर निगम क्षेत्र में यदि किसी को कोई बेसहारा पशु घूमता दिखाई दे तो उसकी फोटो खींचकर लोकेशन या पते के साथ नगर निगम के व्हाट्सएप नंबर 7082410524 पर भेजे।

### दुधारू पशु खुले में छोड़ा तो होगा 5100 रुपये जुर्माना

निगम आयुक्त आयुष सिन्हा ने कहा कि कुछ लोग अपने पशुओं को खुले में छोड़ देते है। इनमें दुधारू पशु भी होते है। अब यदि किसी ने भी अपने पशुओं को खुले में छोड़ा तो उसपर जुर्माना लगाया जाएगा। उन्होंने बताया कि यदि किसी ने अपने पशु को शहर में खुले में छोड़ा और उस पशु को नगर निगम द्वारा पकड़कर गोशाला में पहुंचा दिया तो उसे छुड़ाने के लिए 5100 रुपये जुर्माना। इसके अलावा जितने दिन वह पशु गोशाला में रहेगा। प्रतिदिन 300 रुपये के हिसाब से पशु मालिक को देना पड़ेगा। निगमायुक्त ने आमजन से अपील की कि वह अपने पशुओं को खुले में न छोड़े। इसके साथ उन्होंने निगम द्वारा पकड़े जा रहे पशुओं को भी टैग लगाने के पशुपालन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए।

# पटवारियों की हड़ताल बनी मुसीबत

## 300 से ज्यादा इंतकालों का लगा अंबार, कई तरह के काम पेंडिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

पटवारियों व कानूनगो की हड़ताल के कारण हालात बिगड़ रहे हैं। लोगों को इंतकाल की नकल, बैंक लोन के लिए 15 साल का रिकॉर्ड न मिलने और जमाबंदी पर पटवारी के हस्ताक्षर न होने से रजिस्ट्री तक नहीं हो पा रही। हड़ताल के कारण रजिस्ट्रियां होने की दर एक तिहाई रह गई है। इसके कारण सरकार को राजस्व की हानि हो रही है। 1 फरवरी से गिरदावरी भी शुरू होनी है। अगर हड़ताल जारी रही तो गिरदावरी भी बाधित हो सकती है। जिससे किसानों को फसल बेचने में भी परेशानी होगी। किसान राजपाल और मदन लाल ने बताया कि वह प्लास्टिक की तिरपाल लगाकर सब्जी की खेती करते हैं। फसल का पंजीकरण करवाया हुआ है। अब कृषि विभाग से सब्सिडी लेने के लिए पटवारी से वेरिफिकेशन करानी है। पटवारी रिपोर्ट देगा तो सब्सिडी मिलेगी। उन्होंने बताया कि वह हर रोज इस उम्मीद पर तहसील कार्यालय आते हैं कि शायद पटवारी मिल जाए लेकिन कमरे पर ताला लटका है।

- **हड़ताल की वजह से रोज लोगों को तहसीलों में खाने पड़ रहे हैं धक्के**
- **सरकार को राजस्व की हानि हो रही**
- **पुराना रिकॉर्ड चेक करवाने के लिए आने वाले लोग भी परेशान**

पटवारियों व कानूनगो की खाली कुर्सी से काम ठप जमाबंदी पर हस्ताक्षर न होने से नहीं हो रही रजिस्ट्री 70 साल के बुजुर्ग बलबीर सिंह ने डेरा मौजा में 7 मरले जमीन पंचकूला के विक्रम सिंह को बेची हुई है। बुजुर्ग ने पैसे भी वसूल कर लिए। रजिस्ट्री लिखी जा चुकी है, लेकिन जमाबंदी पर पटवारी के हस्ताक्षर नहीं हुए। इसके कारण रजिस्ट्री नहीं हो सकी। पटवारियों के हड़ताल पर जाने की वजह से बहुत से सरकारी काम रुके हुए हैं। पटवारियों व कानूनगो की कुर्सी खाली होने से जिले में करीब 300 इंतकाल पेंडिंग पड़े हैं। रिहायशी प्रमाण पत्र के लिए हर रोज जिले के पटवारियों के पास करीब लोग पहुंचते रहे। लोन अपडेट के लिए करीब लोग धक्के खा रहे हैं। फर्द की कॉपी निकलवाने के लिए अब लोग मुसीबत में हैं। पुराना रिकॉर्ड चेक करवाने के लिए आने वाले लोग भी परेशान हैं। तहसील में सीमांकन, नामांतरण, आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र, बंटवारा, नामांतरण, जमाबंदी सत्यापित, नकल सत्यापित, इंतकाल, गिरदावरी, फील्ड बुक, मौका तस्दीक, रिकॉर्ड में लोन चढ़ाने और उतारने का कार्य पटवारी कराते हैं।

खबर संक्षेप



## सर्दी से बचाव में योग बहुत ही कारगर

**करनाल।** पतंजलि योग समिति करनाल की ओर से आयोजित की जा रही दिव्य योग कक्षा सेवा समिति आश्रम अर्जुन गेट करनाल में साधकों को विभिन्न आसनों का अभ्यास करवाया गया। इस अवसर पर योग शिक्षक शमशेर सिंह नैन ने कहा कि योग में कुछ ऐसे अभ्यास हैं जो कड़ाके की ठंड से निपटने में आपकी पूरी मदद करते हैं।



## मोटरसाइकिल चोर चढ़ा पुलिस के हत्थे

**करनाल।** एंटी व्हीकल थेफ्ट यूनिट ने मोटरसाइकिल चोर को काबू किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की तीन मोटरसाईकिलें भी बरामद की है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस ने विश्वसनीय सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपी अंकित निवासी नेवल को पश्चिमी यमुना नहर बाईपास करनाल से काबू कर गिरफ्तार किया गया। आरोपी अंकित की निशानदेही पर उसके कब्जे से चोरी की तीन मोटरसाइकिल बरामद की गई है।

## मीटिंग में बच्चों के भविष्य पर चर्चा की

**करनाल।** बच्चों के उज्जवल भविष्य को लेकर आकाश बायजूस की ओर से पेरेंट्स टीचर मीटिंग का आयोजन किया गया। इस दौरान शिक्षकों ने छात्रों और मात-पिता के साथ बैठकर बच्चों के उज्जवल भविष्य को लेकर चर्चा की। इस पहल के मूल में छात्र समूहों के लिए समर्पित मेंटर्स की शुरूआत है. यह प्रक्रिया एक व्यापक मूल्यांकन के साथ शुरू होती है, जिसमें शैक्षणिक उपलब्धियों, सामर्थ्य, कमजोरियों और सुधार के क्षेत्रों को शामिल किया जाता है. अद्वितीय पहलू संरक्षक और विषय संकायों के सामूहिक प्रयास में निहित है, प्रत्येक एक अच्छी तरह से गोल विश्लेषण बनाने के लिए अपने विशेष अंतर्दृष्टि का योगदान देता है।

### देश पीएम मोदी के नेतृत्व में विश्व पटल पर बना रहा अलग पहचान: हरविंद्र कल्याण

# गोगड़ीपुर और बेगमपुर पहुंची संकल्प यात्रा

लोगों को यात्रा के दौरान देश को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने में सहयोग करने की शपथ दिलाई

हरिभूमि न्यूज ▸▸ घरौंडा





विकसित भारत संकल्प यात्रा आज जिला के गांव गोगड़ीपुर और बेगमपुर पहुंची। गोगड़ीपुर में विधायक हरविंद्र कल्याण और बेगमपुर में पूर्व विधायक रमेश कश्यप ने बतौर मुख्य अतिथि भाग लिया। इस अवसर पर कल्याण ने कहा कि समाज में संस्कारों की कमी होना चिंता की बात है। सामाजिकता की भावना भी घट रही है। हमें न केवल संस्कारों को मजबूत करना होगा बल्कि आपसी प्रेम और सद्भाव को बढ़ाना होगा। पूर्व विधायक रमेश कश्यप ने कहा कि भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का मतलब है कि सभी लोग सुख सुविधाओं से संपन्न हों। गोगड़ीपुर में सरपंच संगीता रानी और बेगमपुर में सरपंच रणजीत ने विधायक का स्वागत किया। सरपंच प्रतिनिधि अशोक कुमार ने गांव में पिछले 9 साल में कराए गए कार्यों की जानकारी दी। विधायक ने विभिन्न विभागों की ओर से लगाए गए स्टॉल्स का अवलोकन किया और ग्रामीणों से बातचीत की। दोनों गांवों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संदेश सुनाया गया और हरियाणा के विकास पर बनी लघु फिल्म दिखाई गई। गायक बिजेंद्र नरवाल ने विकासात्मक गीत प्रस्तुत किये। गोगड़ीपुर में रमेश शर्मा और बेगमपुर में देवेंद्र शर्मा ने 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की शपथ दिलाई। विधायक कल्याण ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं को लेकर यात्रा हलके के 67 गांवों को कवर कर चुकी है। हर गांव में 50 से 100 लोगों के काम मौके पर हुए हैं। उन्होंने कहा कि कुछ अधिकारी व कर्मचारी आज भी लोगों की समस्याओं को निपटने की बजाय टालमटोल की नीति अपना रहे हैं। उन्हें अपना रवैया बदलना होगा। हमारी भावना हर गरीब, लाचार व पात्र व्यक्ति की गंभीरता से मदद करने की होनी चाहिए। लोगों को सही तरीके से योजनाओं के प्रति जागरूक करना परम कर्तव्य है। यदि व्यक्ति किसी योजना में कवर नहीं होता है तो उसे स्पष्ट रूप से बताना चाहिए। जीवन में कोई ऐसी समस्या नहीं है जिसका समाधान न हो। उन्होंने कहा कि सरकार ने सत्ता की परिभाषा को बदला है। अब सत्ता का मतलब चौधर नहीं है। सत्ता सेवा के लिए है। पिछले 9 सालों में हलके में ऐसे विकास कार्य कराने की कोशिश की गई जिससे तरक्की की बुनियाद मजबूत हो। 70 नई सड़कें, 40 स्कूल, लड़कियों का कॉलेज, आईटीआई, मेडिकल यूनिवर्सिटी की स्थापना जैसे जनहित के अनेक विकास कार्य कराए गए हैं। भविष्य में मेडिकल यूनिवर्सिटी में लोगों को पीजीआई जैसी सुविधा उपलब्ध होगी और बड़ी संख्या में लोगों को रोजगार मिलेगा। यहां 8 नए बड़े अस्पताल बनाए जाएंगे। असली तरक्की तभी मानी जाएगी जब गरीब अपने पैरों पर खड़ा होगा। इसके लिए केंद्र और राज्य सरकार पूरी ईमानदारी के साथ लगी है। इस अवसर पर उन्होंने आयुष्मान भारत और दयालु योजना की विस्तृत जानकारी दी। साथ ही बताया कि सरकार ने बीपीएल परिवारों की बेटियों के लिए कॉलेज में भी पूरी फीस माफ करने का निर्णय लिया है। जिन बीपीएल परिवारों की सालाना आय 1.80 से 3 लाख तक है उनकी बेटियों की आधी फीस लगेगी। बेगमपुर में पूर्व विधायक विधायक कश्यप ने कहा कि सरकार की कोशिश है हर व्यक्ति सुख सुविधाओं से संपन्न हो, गांव स्वच्छ हों और शिक्षा की पर्याप्त व्यवस्था हो।

### सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की दी जानकारी

**इंद्री।** विकसित भारत जन संवाद संकल्प यात्रा कार्यक्रम के तहत वरिष्ठ भाजपा नेता धर्मपाल शांडिल्य ने इंद्री के गांव फूसगढ़ में केन्द्र व हरियाणा सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। इस यात्रा को लेकर लोगों में काफी उत्साह देखा गया। गांव फूसगढ़ में ग्रामीणों ने बड़ी उत्सुकता के साथ मुख्यमंत्री मनोहर लाल का लाइव कार्यक्रम भी देखा। मुख्य अतिथि धर्मपाल शांडिल्य ने कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा सरकारी योजनाओं को लेकर लगाई गई स्टालों का अवलोकन किया। उन्होने उपस्थित जनसमूह को वर्ष 2047 तक भारत को विकसित व आत्मनिर्भर बनाने की शपथ दिलाते हुए कहा कि देश को विकसित बनाने के लिए हर व्यक्ति के सहयोग की जरूरत है, सभी मिलकर देश के उत्थान के लिए कार्य करें। उन्होंने कहा कि 'विकसित भारत जन संवाद संकल्प यात्रा' के माध्यम से सरकार विकास की गारंटी के साथ आम जन तक पंहुचते हुए लोगों को और



अधिक लाभ आवंटित कर रही है। धर्मपाल शांडिल्य ने कहा कि सरकार ने समाज के ऐसे वंचितों को प्राथमिकता दी है जो दशकों से मूलभूत सुविधाओं से वंचित थे और उनकी सुध लेने वाला कोई नही था। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार ने ऐसी व्यवस्था बनाई है कि गरीब लाभ पात्रों को सरकार की योजनाओं का लाभ लेने के लिए सरकारी दफ्तरों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे, बल्कि

### केंद्र व प्रदेश सरकार की उपलब्धियों को बताया

उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार ने हर 20 किलोमीटर के दायरे में महिला कॉलेज की स्थापना की हैं। 15 जिलों में मेडिकल कॉलेज बनाए जा चुके हैं और साथ में कार्य प्रगति पर है। आज पोर्टल और ऑनलाइन सेवाओं के माध्यम से घर बैठे लोगों के काम हो रहे हैं। सरकार द्वारा सभी योजनाओं को धरातल पर उतर जा रहा है। पेंशन बनाई- गोगड़ीपुर में आज राजकुमार, शिमला देवी, सुमन, राजेंद्र साहनी, रमेश और महेंद्र की मौके पर ही पेंशन बनाई गई। बेगमपुर में गुलाब सिंह और दलपत सिंह की पेंशन बनाई गई। गैस कनेक्शन- गोगड़ीपुर में पूजा, सोनिया, नीलम और जसपाल कौर को उज्ज्वला योजना के तहत गैस कनेक्शन दिए गए। इसके अलावा 23 लोगों के आयुष्मान और चार के बीपीएल कार्ड बनाए गए। दूसरी और गांव बेगमपुर में 22 आयुष्मान कार्ड बनाए गए तथा सरोज को गैस कनेक्शन दिया गया। विद्यार्थी सम्मानित- विधायक ने घोगड़ीपुर में रंकुश, दीपक्षी, पूजा, मोहित, स्नेहा, सिमी, रितिका, खुशी, वंशिका, नितिन और ज्योति को सम्मानित किया। सरपंच को ओडीएफ प्लस मॉडल ग्राम पंचायत बनने पर अभिनंदन पत्र दिया गया। बेगमपुर में जल जीवन मिशन की ओर से सरपंच को अभिनंदन पत्र दिया गया। सरपंच की ओर से सुनीता और नंबरदार महेंद्र पाल को सम्मानित किया गया। ये रहे मौजूद- गोगड़ीपुर बीडीपीओ गुरमालक सिंह, घरौंडा नगर पालिका के अध्यक्ष हैप्पी लक गुप्ता, ग्राम सचिव मुकेश, भाजपा मंडल अध्यक्ष सुभाष कश्यप, राजकुमार पालीवाल, सरोज और बेगमपुर में बीडीपीओ अशोक छिक्कारा, सरपंच रणजीत, संजय खैन्ची आदि मौजूद रहे।



## सरकार लठतंत्र से दबाना चाहती है हर वर्ग की आवाज

**करनाल।** हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष सुरेश गुप्ता की अगुवाई में निकाली जा रही आजादी गौरव यात्रा को भारी जनसमर्थन मिल रहा है। भाजपा सरकार से दुखी हो चुके लोग केंद्र व प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनाने के लिए तैयार हैं। काछवा गांव में जब आजादी गौरव यात्रा पहुंची तो ग्रामीणों की ओर से जोरदार स्वागत किया गया। कर्मपाल और विक्रमजीत की ओर से नुक्कड़ सभाओं का आयोजन किया गया। ग्रामीणों से बातचीत करते हुए सुरेश गुप्ता ने कहा कि मोदी सरकार तानाशाह बनकर काम कर रही है। हर वर्ग पर कानून थोपने का काम किया जा रहा है। ये काले कानून हैं, जिससे देश बर्बाद हो जाएगा। उन्होंने हिट एंड रन एक्ट में किए गए प्रावधानों को चालकों के लिए काला कानून बताते हुए कहा कि 15 से 20 हजार रुपए वेतन लेने वाला चालक सात लाख रुपए जुर्माना नहीं दे सकता। 10 साल जेल की सजा का प्रावधान सरासर गलत है। नुक्कड़ सभा में पहुंचे ग्रामीण युवाओं ने कहा कि मोदी और मनोहर सरकार ने रोजगार देने के नाम पर उनके वोट लिए थे।

## पुलिस ने चोरी के दो आरोपी किए गिरफ्तार

**करनाल।** बर्गलरी स्टाफ करनाल ने अलग-अलग मामलों में चोरी करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 4300 रुपए की नगद राशि बरामद की है। पुलिस की टीमों ने एस.पी शशांक कुमार सावन के मार्गदर्शन में चोरों को पकडऩे का अभियान चलाया हुआ है। इसी को लेकर इंचार्ज बर्गलरी स्टाफ करनाल एसआई हिम्मत सिंह के कुशल नेतृत्व में टीम ने जिला कोर्ट करनाल से प्रोडक्शन वारंट पर लेकर आरोपी टीलू और शिवम उर्फ शिवा निवासी डेहा बस्ती चांद सराय मंगल कॉलोनी करनाल को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों की निशानदेही पर उनके द्वारा अलग-अलग मामलों में चोरी की गई हेमर मशीन और स्टैंप मशीन को बेचकर मिली राशि में से कुल 4300 रुपए बरामद किए गए।

# पटवारियों का धरना निरंतर जारी, कामकाज ठप्प

- बोले : हरियाणा भर मे पटवारियों की संख्या स्वीकृत पदों का मात्र एक तिहाई, जबकि सरकार एक पटवारी से ले रही तीन-तीन पटवारियों का कार्य

हरिभूमि न्यूज ▸▸ करनाल



**करनाल।** मांगों को लेकर धरना देते पटवार एवं कानूनगो एसोसिएशन के पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

आज पटवार एंड कानूनगो एसोसिएशन करनाल का धरना उपायुक्त कार्यालय के समक्ष दिनाक 3 जनवरी से लगातार जारी है। एसोसिएशन के प्रधान पदम कुमार ने जानकारी देते हुए कहा कि ये धरना 10 तारीख तक निरंतर जारी रहेगा और जिसके चलते तहसीलों में पटवारी वा कानूनगो से संबंधी होने वाले काम काज ठप्प हो रहे है। यदि फिर भी सरकार मांगो को नही मानती तो ये धरना राज्य कार्यकारिणी के आदेश अनुसार आगे भी बढ़ सकता है। उन्होंने कहा कि पटवारियों का वेतन मान 2016 से नोशनली लागू करना ही यूनियन की अग्र मांग है उन्होंने कहा कि हरियाणा भर मे पटवारियों की संख्या स्वीकृत पदों का मात्र एक तिहाई है जिससे सरकार एक पटवारी से तीन तीन पटवारियों का कार्य ले रही है। यूनियन के सचिव धीरज सेठी ने बताया की हड़ताल के चलते तहसीलों में पटवारियों। द्वारा किए जाने कार्य जैसे रिहाशी प्रमाण पत्र, जाति वा आय प्रमाण पत्र, लोन एंटर करना, निशानदेही कार्य, म्यूटेशन संबंधी कार्य, और वसीका पंजीकरण, आदि कार्य लटके पड़े है।सेठी ने कहा कि जनता को हड़ताल के चलते दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है जिसके लिए सरकार पूर्ण रूप से जिम्मेवार है । मांगो का समर्थन करते हुए एसकेएस के सचिव सेवा राम बड़सर ने भी अपने विचार रखे और कहा की सरकार को वेतनमान की विसंगतियों को दूर करना पड़ेगा उन्होंने कहा की पटवारियों की मांगे जायज़ है जिसे सरकार ने जनवरी 2023 मे मान भी लिया था परंतु उसमे एक हफ्ते बाद संशोधन करके उसे प्रेस्पेक्टिव लागू करने के आदेश जारी कर पटवारियों के साथ धोखा किया है। इस अवसर पर पूर्व प्रधान, कश्मीर सिंह वा प्रमोद राणा, अमन कुमार, नीरज हुडा कैशियर, भूपिंदर चौधरी, जसबीर सिंह, सुनील मान, सोनू शर्मा, दिनेश शर्मा, जयवीर, रविंद्र राणा, प्रदीप मान, सुखबीर कानूनगो रहे।

# हनुमान कुटिया में पूजित अक्षत कलश का स्वागत

- अक्षत कलश श्री पंचमुखी हनुमान कुटिया में पहुंचा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ करनाल



अयोध्या में बन रहे भगवान श्रीराम के मंदिर को लेकर क्षेत्र में लोगों में काफी उत्साह है। वहीं अयोध्या से पूजित अक्षत कलश बैंक कालोनी स्थित श्री पंचमुखी हनुमान कुटिया में पहुंचा। यहां पहुंचने पर स्वामी वृंदावन दास जी महाराज व रामभक्तों ने अक्षत कलश का स्वागत किया। इस अवसर पर श्री पंचमुखी हनुमान कुटिया के उप प्रधान तारा चंद नागपाल ने बताया कि पूजित अक्षत कलश को श्री पंचमुखी हनुमान कुटिया में स्थापित किया गया है। मीडिया प्रभारी प्रमोद नागपाल ने बताया कि अब अयोध्या से आए पीले चावल निमंत्रण के रूप में हर घर तक पहुंचाए जाएंगे। राम मंदिर की खुशी में 22 जनवरी को भी दीपावली मनाई जाएगी।

# दण्डाधिकारी ने तपन दिव्यांग केंद्र का दौरा किया

- करनाल में रह रहे बच्चों से बातचीत की और कानूनी सेवाओं बारे जानकारी दी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ करनाल



मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी एवं सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, करनाल जसबीर कौर ने मंगलवार को तपन दिव्यांग केंद्र का दौरा किया। उनके साथ ट्रेनिंग सिविल जज (जूनियर डवीजन) रितिज अरोड़ा, रितिका शर्मा, उदित अग्रवाल, नितिका बंसल, अनमोल ककड़, रूहेला व अवंतिका उपस्थित थे। उन्होंने तपन दिव्यांग सस्था, करनाल में रह रहे बच्चों से बातचीत की और उन्हे मुफ्त कानूनी सेवाओं बारे जानकारी दी। उन्होंने तपन संस्थान द्वारा दिव्यांग बच्चों के लिए किए जा रहे पुनर्वास के कार्यों की प्रशंसा की। मौका पर तपन संस्थान की डायरेक्टर डॉ. सुजाता ने तपन संस्थान की विभिन्न गतिविधियों से परिचित करवाया। उन्होंने बच्चों व तपन की टीम को लोहड़ी त्योहार की शुभकामनाएं दी। मौका पर बच्चों को मूंगफली व रेवड़ी वित्तरित कर लोहड़ी पर्व मनाया गया। इसके अलावा उन्होंने जिला ए.डी.आर सैंटर मे स्थापित कानूनी सहायता की जानकारी दी और बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, करनाल से कोई भी गरीब व्यक्ति, स्त्री, बच्चा, आरक्षित वर्ग, वरिष्ट नागरिक, किन्नर, विकलांग, स्वतंत्रता सैनानी इत्यादि मुफ्त कानूनी सहायता प्राप्त कर सकता है और मुफ्त कानूनी सलाह के लिए हेल्पलाइन नं.- 1844.2266138 पर भी संपर्क कर सकता है।



## रोजगार प्रकोष्ठ के तत्वाधान में हुआ व्याख्यान

**इंद्री।** शहीद उधम सिंह राजकीय महाविद्यालय मटक माजरी इंद्री में रोजगार प्रकोष्ठ के तत्वाधान में विस्तृत व्याख्यान का आयोजन किया गया । इस अवसर पर कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर राजेश रंगा ने मुख्य वक्ता के रूप में शिरकत की व मंच संचालन डॉ बालऋषि ने किया । डॉ राजेश रंगा ने स्टूडेंट को करियर इन अर्थ साइंसेज के बारे में अवगत कराया । उन्होने बताया कि छात्र पृथ्वी से संबंधित हर चीज का अध्ययन करता है, इसलिए वह पर्यावरण सुदृढ़ीकरण, प्राकृतिक संसाधनों के प्रबंधन, खनिज, तेल और गैस की खोज, मौसम की भविष्यवाणी आदि क्षेत्रों में रोजगार पा सकता है। उन्होने कहा कि निकट भविष्य में भूवैज्ञानिकों के लिए रोजगार का दायरा बढने वाला है। इस अवसर पर डॉ रणवीर सिंह, डॉ सुरेश, डॉ दीपा, डॉ सुमित,डॉ भगवान भारद्वाज, डॉ सुमित, डॉ सुमन, डॉक्टर सविता व डॉ वंदना मौजूद रहे।

# दीपक बने कांग्रेस ओबीसी सैल के उपप्रधान

- अपनी नियुक्ति पर जताया जिला संयोजक त्रिलोचन सिंह व ओबीसी सैल प्रधान संजय कुमार चंदेल सहित वरिष्ठ नेताओं का आभार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ करनाल



**करनाल।** कांग्रेस ओबीसी सैल अर्बन के जिला उपप्रधान बनने पर अपने सीनियर नेताओं का आभार व्यक्त करते हुए कांग्रेस नेता दीपक कश्यप। फोटो : हरिभूमि

हाल ही में बसपा को छोडकर कांग्रेस में शामिल हुए दीपक कश्यप को कांग्रेस ओबीसी सैल (अर्बन) का जिला उपप्रधान नियुक्त किया गया है। मंगलवार को पीडब्लयूडी रेस्ट हाउस में ओबीसी सैल के जिला प्रधान संजय कुमार चंदेल ने दीपक कश्यप को नियुक्ति पत्र सौंपा। साथ में जिला संयोलक त्रिलोचन सिंह, पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष अशोक खुराना, अंशुल लाठर व रानी कांबोज विशेष रूप से मौजूद रहे। इस मौके पर संजय चंदेल ने कहा कि दीपक कश्यप व उनके साथियों को कांग्रेस में पूरा मान सम्मान दिया जाएगा। कांग्रेस ओबीसी सैल को और मजबूत करने के लिए ज्यादा से ज्यादा लोगों को साथ जोड़ा जा रहा है। अपनी नियुक्ति पर दीपक कश्यप ने जिला संयोजक त्रिलोचन सिंह व ओबीसी सैल प्रधान संजय कुमार चंदेल सहित वरिष्ठ नेताओं का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की नीतियों का प्रचार वह घर-घर जाकर करेंगे। इस अवसर पर त्रिलोचन सिंह व अशोक खुराना ने कहा कि कांग्रेस का परिवार लगातार बढ़ रहा है। जनता कांग्रेस को सत्ता सौंपने के लिए तैयार बैठी है। रोहित जोशी व अंशुल लाठर ने कहा कि दीपक कश्यप को नई जिम्मेवारी मिलने से युवाओं का विश्वास कांग्रेस में बढ़ेगा। इस अवसर पर रोहित जोशी, रमेश जोगी, राजिंद्र पप्पी, प्रेम मलवानिया, टिंकू वर्मा, मुकुल वर्मा, सागर चड्ढा, दलबीर सिंह, रामधारी, गगन मेहता, राजपाल तंवर व दिलीप आदि मौजूद रहे।

### ईट भट्टे पर महिलाओं कों डॉयल 112 के बारे बताया

# पुलिस ने महिलाओं को दी कानून की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ घरौंडा



पुलिस हरियाणा महानिदेशक श्री शत्रुजीत कपूर जी के आदेशानुसार और पुलिस अधीक्षक करनाल श्री शशांक कुमार सावन के मार्गदर्शन में जिला पुलिस द्वारा महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने के लिए पखवाड़ा चलाया हुआ है । जिसमे प्रतिदिन स्कूल, कॉलेज की छात्राओं और अन्य महिलाओं को उनकी सुरक्षा और अधिकारों के बारे जागरूक किया जाता रहा है। करनाल पुलिस शुरूआत से ही महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। इसी क्रम में डीएसपी महिला सुरक्षा श्री नायाब सिंह के निर्देशन में महिला निरीक्षक राजेश लता ने कोहंड में ईट भट्टे पर जाकर महिला मजदूरों को महिला अपराधों के बारे जागरूक किया। निरीक्षक राजेश लता ने महिला मजदूरों को बताया कि अगर आपके साथ कभी किसी प्रकार का अपराध होता है तो आप तुरंत पुलिस की सहायता के लिए महिला हेल्पलाइन नंबर 1091 पर काल करके शिकायत दे। निरीक्षक राजेश लता ने महिलाओं को किसी भी समय भट्ठे पर अगर कोई संदिग्ध दिखाई दे जिससे जान माल की हानि हो सकती है के लिए तुरंत पुलिस सहायता के लिए डॉयल 112 से संपर्क करने बारे विस्तार से समझाया गया।

## खबर संक्षेप

### निर्धनों को कंबल व स्वेटर बांटे

**पानीपत।** स्वर्णकार समाज कल्याण सेवा समिति वार्ड छह दलबीर नगर कंबल व स्वेटर वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्यअतिथि जिला रेडक्रास सचिव गौरव रामकरण, विशिष्ठ अतिथि शहरी परियोजना अधिकारी नगर निगम राकेश कादियान, पूर्व मेयर सुरेश वर्मा व तकनीकि शिक्षा विभाग पंचकुला से डा.रेनू रहे। अतिथियों ने 900 जरूरतमंदों को कंबल व 402 जरूरतमंद महिलाओं को स्वेटर वितरित किए गए।

### समालखा में नालों की सफाई करवाई

**समालखा।** समालखा में जौरासी रोड व गीता स्कूल वाली गली में खड़े गंदे पानी के कारण आवाजाही में हो रही परेशानी के बारे में लोगों से सूचना मिलने के बादसमाजसेवी शशिकांत कौशिक ने तुरंत जेसीबी भिजवाकर नालों की सफाई करवाई। पिछले कई वर्षों से नपा सीमा से बाहर होने का दंश झेल रहे कालोनी वासियों ने इससे राहत की सांस ली है।

### बस स्टैंड का निर्माण जल्द पूरा हो

**पानीपत।** उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया ने मंगलवार को जिला सचिवालय के सभागार में सिवाह स्थित बस अड्डे परिसर में अधूरा पड़े कार्यो को जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। पानीपत को शीघ्र ही 50 इलेक्ट्रिक बसें प्राप्त होने जा रही हैं। इस मौके पर रोडवेज महाप्रबंधक कुलदीप जांगड़ा, उत्तरी हरियाणा बिजली वितरण निगम के अधीक्षण अभियंता धर्मवीर छिक्कारा, कार्यकारी अभियंता नवीन कुंडू, लोक निर्माण विभाग के कार्यकारी अभियंता सवित पान्नु व वन विभाग के अधिकारी भी उपस्थित रहे।

### भारतीय वालीबॉल की टीम का चयन शुरू

**पानीपत।** उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया कि बताया कि आगामी 18 फरवरी से 22 फरवरी तक महिला व पुरूष वर्ग के लिए अखिल भारतीय सिविल सर्विस वॉलीबॉल टूर्नामेंट का आयोजन श्री शिवछत्रपति स्पोर्टस कॉम्पलैक्स बेलवाड़ी पूना महाराष्ट्र में किया जाएगा। उक्त खेल के खिलाड़ियों का चयन करने के लिए संबंधित जिला खेल अधिकारी कमेटी के अध्यक्ष होंगे। आगामी 15 जनवरी को अखिल भारतीय सिविल सर्विस वालीबॉल टूर्नामेंट के लिए करनाल में ट्रायल होगा।

### एंटरप्रेनुरेशी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**पानीपत।** महर्षि कश्यप राजकीय बहुकनीकी संस्थान गांव जाटल में मंगलवार को एंटरप्रेनुरेशी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे बलबीर सिंह निदेशक व मीना धीमान ने अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों को सुक्ष्म लघु और मध्यम मंत्रालय के द्वारा चलाई गयी योजनाओं के बारे में विद्यार्थियों कों अवगत कराया। इस अवसर पर इस संस्था के प्रधानाचार्य राजीव नरवाल और टीपीओ अधिकारी जसबीर सिंह व अन्य सदस्य विवेक कुमार सिंह, संदीप कुमार मौर्या, वतन, वसीम, योगिता, सुनीता, वीरेंद्र यादव और विकास विलवास उपस्थित रहे।

### ग्रामीणों ने ली संकल्प शपथ

**पानीपत।** विकसित भारत संकल्प यात्रा मंगलवार को गांव बुढनपुर पहुंची। इसमें भाजपा नेता विनोद छोकर मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा की मोदी वाली गारंटी वैन जो गांव में पहुंची है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने काफी हद तक प्रयास किया है की जो हमारा विकसित भारत का संकल्प है वह बहुत जल्द पूरा हो। उन्होंने उज्वला योजना के तहत पांच महिलाओं को गैस कनेक्शन भी वितरित किए।

### स्वयेवियों ने योगाभ्यास किया

**पानीपत।** आईबी पीजी कॉलेज में एनएसएस यूनिट द्वारा खोतपुरा गांव में सात दिवसीय स्पेशल कैंप आत्मनिर्भर भारत विकसित भारत के चौथे दिन का शुभारंभ स्वयंसेवकों ने योगा और मेडिटेशन कर किया। स्वयं सेवियों ने गांव खोतपुरा में पूरे गांव में स्वयंसेवकों द्वारा साक्षरता अभियान बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, बेटी को प्यार दो बेटे जैसा अधिकार दो पर रैली निकाली गई।

---

लापरवाह चालकों के 216 वाहनों के चालान किए

# पानीपत ट्रैफिक पुलिस ने माडल टाउन में हटवाया अतिक्रमण

अतिक्रमण के खिलाफ चलाए अभियान के तहत पांचवे दिन मंगलवार को ट्रैफिक पुलिस टीम ने माडल टाउन गोल मार्केट में अतिक्रमण हटवाकर फुटपाथ को खाली करवाया।



**पानीपत।** माडल टाउन से अतिक्रमण हटवाते हुए ट्रैफिक पुलिस की टीम।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत की अगुवाई में पानीपत शहर को जाम मुक्त करने की दिशा में अतिक्रमण के खिलाफ चलाए अभियान के तहत पांचवे दिन मंगलवार को ट्रैफिक पुलिस टीम ने माडल टाउन गोल मार्केट में अतिक्रमण हटवाकर फुटपाथ को खाली करवाया। शहर यातायात वेस्ट जोन इंचार्ज सब इंस्पेक्टर रणबीर मान, ईस्ट जोन इंचार्ज सब इंस्पेक्टर रामनिवास व माडल टाउन थाना प्रभारी इंस्पेक्टर रेखा ने दुकानों के बाहर अवैध तरिके से अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों को विशेष रूप से हिदायत देकर फुटपाथ पर रखे सामान को हटवाया गया। इस दौरान फुटपाथ व सड़क पर अनाधिकृत रूप से बेतरतीब तरीके से खड़े 216 वाहनों के चालान भी किये गए व अतिक्रमण कर रखे फ्लेक्स बोर्ड इत्यादि सामान को जब्त किया गया। डीएसपी ट्रैफिक सुरेश सैनी ने बताया कि माडल टाउन गोल मार्केट में दुकानदार अपनी दुकानों के बाहर काफी दूर तक फुटपाथ पर सामान रखकर व रेहड़ी वाले सड़क पर रेहड़ी लगाकर अतिक्रमण करते है। काफी सारे लोग सड़क किनारे व रोड पर अनाधिकृत रूप से बेतरतीब तरीके से गाड़ी खड़ी कर खरीददारी करते है। इससे जाम की समस्या उत्पन्न होती है और आने जाने वाले राहगिरों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। सड़कों पर किसी प्रकार का अतिक्रमण न करें और न ही सड़क को अवरूध करें। अतिक्रमण हटवाने के साथ ही दुकानदारों को विशेष रूप से हिदायत दी गई है कि वे फुटपाथ, सर्विस लेन व सड़क पर अतिक्रमण न करें। दोबारा अतिक्रमण करने पर कानूनी कार्रवाई भी अमल में लाई जाएगी। जिला पुलिस का यह अभियान निरंतर जारी रहेगा। शहर के सभी रोड़ व मार्केट से अतिक्रमण हटवाया जाएगा। सभी मार्केट में दुकानदारों से अपील की जा रही हे कि वे शहर को जाम मुक्त करने में ट्रैफिक पुलिस का सहयोग करें।

# जनसेवा है विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



**पानीपत।** भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की शपथ दिलाते हुए हरपाल ढांडा व देव मलिक।

पानीपत ग्रामीण से विधान सभा क्षेत्र से विधायक महिपाल ढांडा के भाई हरपाल ढांडा ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत जिले के गांव रजापुर व शिमला मौलाना में आयोजित जन संवाद कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि हर समस्या का समाधान निश्चित है। लोगों की समस्याओं को गंभीरता से लेकर सरकार कार्य कर रही है। मुख्य मंत्री मनोहर लाल ने खर्ची व पर्ची पर लगाम काशी है। यह पूरा कार्यक्रम ग्रामीणों को समर्पित है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विजन विकसित राष्ट्र व विश्व गुरु का सपना साकार होता नजर आ रहा है। इस मौके पर उन्होंने ग्रामीणों को विकसित भारत के संदर्भ में संकल्प शपथ भी दिलाई, स्टालों का अवलोकन किया व ग्रामीणों की समस्याओं को सुना।

# लूट व चोरी के चार आरोपी गिरफ्तार

- आरोपियों से कार, देसी पिस्टल, दो जिंदा कारतूस, दो तलवारें बरामद

**पानीपत।** सीआईए वन पुलिस टीम ने लूट व चोरी करने वाले गिरोह के चार आरोपियों साहिल पुत्र राजा निवासी डालमवाला जीन्द, अर्जुन पुत्र अमित निवासी महावीर कॉलोनी हिसार, रिंकू पुत्र बलमत निवासी सेरडा हिसार व भोलू पुत्र कुवर निवासी खरबला हिसार को अवैध हथियारों के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपियों से लूट की दो व वाहनों से बैटरी चोरी की 17 वारदातों का खुलासा हुआ। आरोपी पीछले डेढ़ साल से वारदातों को अंजाम देने में सक्रिय थे। पुलिस ने आरोपियों से वारदात में प्रयुक्त 1 बलेनो कार, 1 देसी पिस्टल, 2 जिंदा रौंद व 2 तलवार बरामद की है। सीआईए वन प्रभारी इंस्पेक्टर दीपक ने मंगलवार को सीआईए वन स्टाफ में प्रेसवार्ता में उपरोक्त जानकारी देते हुए बताया कि गिरोह का सरगना आरोपी साहिल है। आरोपी साहिल व रिंकू का पहले भी आपराधिक रिकार्ड होना पाया गया है। आरोपी साहिल पर चोरी की वारदातों के 6 व रिंकू पर 3 मामलें दर्ज है। वहीं आरोपियों को कोर्ट में पेश कर दो दिन के रिमांड पर लिया गया है।

### स्काई लार्क मार्किट बंद कर दुकानदारों ने धरना दिया

- सड़क की सफेद पट्टी व दुकानों के बीच वाहन खडे होगे या नहीं एसपी लेंगे फैसला

**पानीपत।** स्काई लार्क मार्किट के दुकानदारों ने मंगलवार को पुलिस की सख्ती के विरोध में अपनी दुकानें बंद कर धरना दिया। वहीं डीएसपी ट्रैफिक सुरेश सैनी के आश्वासन पर दुकानदारों ने अपनी दुकानें खेल ली और दुकान व सडक पर बनाई गई सफेट पट्टी के बीच में वाहन खडे कर अपना कामकाज शुरू किया। वहीं दुकान व सफेद पट्टी के बीच दुकानदार वाहन खडे कर सकेंगे या नहीं इसे लेकर बुधवार को दुकानदारों व पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत के बीच बैठ होगी, इस बैठक में ही यह तय होगा कि दुकानदार स्काई लार्क रोड पर दुकानों व सफेद पट्टी के बीच वाहन खडे करवा सकेंगे या नहीं। इस मार्ग पर जाम जैसे हालत के चलते सुखदेव नगर व जीटी रोड पर भी यातायात बाधित होता है।

# युवाओं को बिना पर्ची के नौकरी मिली : विधु

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विकसित भारत के लक्ष्य के साथ आगे बढ़ रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| समालखा



पानीपत। भाजपा प्रवक्ता विधु रावल प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए।

बीजेपी के प्रदेश प्रवक्ता विधु रावल ने बापौली खण्ड के गांव सिम्बलगढ़ में मंगलवार को पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित जनसमूह को सम्बोधित करते हुए कहा कि सरकार ने बिना पर्ची-बिना खर्ची के लोगों को नौकरी देने का जो काम किया है उससे पारदर्शिता आई है और लोगों का विश्वास सरकार पर बढ़ा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विकसित भारत के लक्ष्य के साथ आगे बढ़ रहे हैं। योजनाओं को धरातल पर पहुंचने के लिए हमें लोगों को ज्यादा से ज्यादा जागरूक करना है और उन योजनाओं का लाभ भी पात्र लोगों को दिलवाना है। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए सरकार की योजनाओं का ज्यादा से ज्यादा फायदा उठाने को कहा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री मनोहर लाल गरीबों, नौजवानों और महिलाओं के कल्याण के लिए अनेक कल्याणकारी कदम उठा रहे हैं। भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए हर व्यक्ति को ईमानदारी से अपना कर्तव्य निभाना होगा।

# दीनबंधु सर छोटूराम को पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि दी

**पानीपत।** आर्य वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में मंगलवार को दीनबंधु सर छोटू राम की पुण्यतिथि मनाई गई। मुख्य अतिथि आर्य प्रतिनिधि सभा हरियाणा के प्रधान सेठ राधाकृष्ण आर्य रहे। जिनका विद्यालय के प्रधान विरेंद्र आर्य, प्रबंधक रामपाल जागलान, कोषाध्यक्ष राजेंद्र जागलान, प्रधान आर्य बाल भारती स्कूल आर्य रणदीप कादियान, मेहर सिंह, डा. सुरेंद्र सिंह, प्राचार्य मनीष घनगस ने स्वागत किया। मुख्य अतिथि सेठ राधाकृष्ण आर्य ने कहा कि हमें भारत के समाज सुधारक सर छोटू राम को नहीं भूलना चाहिए। छोटू राम का उपनाम इसलिए दिया गया क्योंकि वे अपने परिवार में सभी भाईयों में सबसे छोटे थे। सर छोटू राम ब्रिटिश शासन के समय पंजाब प्रन्त के राजनेता बन गए। जिन्होंने भारतीय उपमहाद्वीप के उत्पीड़ित समुदायों के हितों की वकालत की। इस कार्य के लिए उन्हें 1937 में नाईट की उपाधि से विभुषित किया गया। भाखड़ा बांध पर भी एक प्रेरक शक्ति के रूप में कार्य किया तथा भारत में किसानों के जीवन में सुधार लाने का कार्य किया। सर छोटूराम को हिंदू दीनबंधु व मुस्लिम रहबरे ए आजम यानि गरीबों का दोस्त कहा करते थे। पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में आज भी किसानों के घरों पर सर छोटूराम का फोटो लगा मिल जाएगा।

# एमजेआर एकेडमी के खिलाड़ियों ने 10 मेडल जीते

- विजेताओं का एमजेआर एकेडमी में पहुंचने पर बधाई दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



**पानीपत।** एमजेआर एकेडमी के खिलाड़ी कंवर रविंद्र सैनी के साथ। फोटो :हरिभूमि

एमजेआर एकेडमी के खिलाड़ियों ने अमृतसर, पंजाब में आयोजित नौवीं नॉर्थ इंडिया कराटे चैंपियनशिप में भाग लिया। इस प्रतियोगिता में एमजेआर एकेडमी के खिलाड़ियों यश सरोहा, आरव, अभिनव, अम्बर, चेतन, वंश, अंशुल सरोहा, उर्मिला ने स्वर्ण पदक जीते, जबकि कोमल व राधिक ने कांस्य पदक जीत कर एमजेआर एकेडमी, पानीपत व हरियाणा का नाम रोशन किया। वहीं विजेताओं का एमजेआर एकेडमी में पहुंचने पर कंवर रविंद्र सैनी ने कोच मुकेश सरोहा को बधाई दी और विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत करते हुए उज्वल भविष्य का आशीर्वाद दिया। कंवर रविंद्र सैनी ने अपने संबोधन में कहा कि कठोर परिश्रम व अनुशासन के बल पर ही इंसान को सफलता मिलती है। एमजेआर एकेडमी के खिलाड़ियों ने अपनी मेहनत के बल पर आठ गोल्ड व दो ब्रांच मेडल जीते है।

# समाज सेवा संगठन ने महिलाओं और बच्चों को गर्म वस्त्र बांटे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



पानीपत। समाजसेवी गण बच्चों को गर्म कपड़े बांटते हुए।

समाज सेवा संगठन ने हरी सिंह स्थित श्री विश्वकर्मा मंदिर के सभागार में 500 बच्चों को गर्म सूट व 200 महिलाओं को गर्म शॉल वितरित की। वहीं दानपुण्य के इस कार्यक्रम में मुख्य अथिति समाजसेवी विजय जैन ने कहा समाज सेवा संगठन, ठंड के मौसम में जरूरतमंदों को गर्म कपड़े व शाल का वितरण कर बहुत ही सराहनीय कार्य कर रहा है। हम सबको ऐसे संगठन का यथा संभव सहयोग करना चाहिए। वहीं, समय पर की गई सहायता भगवान की भक्ति के बराबर होती है। आजकल पड़ रही कड़ाके की ठंड में गरीब आदमी को सर्दी के बचने के लिए गर्म कपड़ों की आवश्यकता खाने से भी अधिक है। वहीं संगठन अध्यक्ष प्रवीण जैन ने बताया कि समाज सेवा संगठन की ओर से लगातार जरूरतमंदों को गर्म कपड़े वितरित किए जा रहे हैं।

**मौके पर ये मौजूद रहे**

इस अवसर पर अमित जैन, गंगा गुप्ता, मोहित जैन, दीपक गोस्वामी, नरेश पोपली, श्री मां शाकुम्भरी देवी सेवा मंडल के प्रधान महेंद्र गोयल, दीपक तायल, सतीश अग्रवाल, अजय,जयप्रकाश त्यागी, बलदेव अरोड़ा हनुमान आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।



**पानीपत।** भाजपा के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष दुष्यंत भट्ट को बधाई देते हुए मालती अरोडा, देव मलिक आदि। फोटो :हरिभूमि

# भाजपा जिलाध्यक्ष बनने पर बधाई दी

- दुष्यंत भट्ट को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

नगर निगम के पूर्व सीनियर डिप्टी मेयर दुष्यंत भट्ट के पानीपत जिला भाजपा का जिलाध्यक्ष मनोनीत किए जाने पर स्थानीय भाजपा कार्यकर्ताओं ने उन्हें शुभकामनाएं तथा बधाई दी। दुष्यंत भट्ट के जिलाध्यक्ष बनने पर भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश मीडिया प्रभारी मालती अरोड़ा ने उनके कार्यालय पहुंच उन्हें मिठाई खिलाई तथा शुभकामनाएं दी। उनके साथ उनके पति तथा पानीपत के जाने माने वरिष्ठ वकील एडवोकेट अशोक अरोड़ा ने भी जिलाध्यक्ष दुष्यंत भट्ट को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर उनके कार्यालय पर भाजपा के देव मलिक तथा सैकड़ों अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।



**पानीपत।** भाजपा के जिला महामंत्री कृष्ण छौक्कर ग्रामीणों को पीले चावल बांटते हुए।

**जानकारी** शुगर व हाई बीपी से बढ़ रहे हैं किडनी रोग

# मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के डॉक्टरों ने लोगों को जागरूक किया

किडनी ट्रांसप्लांटेशन के लिए हर साल दो लाख से ज्यादा मरीज इंतजार कर रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



**पानीपत।** मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के डॉ. मनोज अरोडा, डॉ. योगेश छाबड़ा, डॉ. रजत अरोड़ा प्रेस वार्ता करते हुए। फोटो :हरिभूमि

मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल शालीमार बाग, नई दिल्ली के नेफ्रोलॉजी एंड किडनी ट्रांसप्लांट मेडिसिन के डायरेक्टर डॉक्टर मनोज अरोड़ा, प्रिंसिपल कंसल्टेंट डॉक्टर योगेश छाबड़ा, यूरोलॉजी-रोबोटिक एंड किडनी ट्रांसप्लांट सर्जरी विभाग में सीनियर कंसल्टेंट डॉक्टर रजत अरोड़ा ने मंगलवार को हॉस्पिटल प्रशासन द्वारा आयोजित जन जागरूकता सत्र में लोगों को किडनी ट्रांसप्लांट, उससे जुड़े मिथ और सर्जरी के बाद मरीज और डोनर की जिंदगी में आने वाले बदलाव की विस्तार से जानकारी दी। डॉ. अरोड़ा ने कहा कि करीब दस प्रतिशत भारतीय एडल्ट अलग-अलग तरह की किडनी डिजीज से जूझते हैं, जो मुख्य रूप से डायबिटीज और हाई ब्लड प्रेशर के साथ होती है। डायबिटीज और हाई बीपी के चलते किडनी डिजीज के 60 प्रतिशत से ज्यादा मामले सामने आते हैं। किडनी ट्रांसप्लांटेशन के लिए हर साल दो लाख से ज्यादा मरीज इंतजार कर रहे होते हैं लेकिन इनमें से सिर्फ 5000 मरीजों का ही ट्रांसप्लांटेशन हो पाता है, जो एक बड़े गैप को दशार्ता है। किडनी ट्रांसप्लांटेशन के बारे में लोगों को कम जानकारी रहती है जिससे उन्हें डोनेशन के बाद मरीज की अच्छी कंडीशन का अंदाजा नहीं होता, ऐसे में हमें ये गैप भरने की जरूरत है ताकि किडनी ट्रांसप्लांटेशन से जुड़े भ्रम दूर हो सकें और एक अच्छा वातावरण बन सके और भारत में किडनी डिजीज से जुड़ी चुनौतियों का भार कम हो सके। डॉ योगेश छाबडा ने कहा कि कीडनी में रोग होने पर तत्काल डॉक्टर से उपचार करवाए, लापरवाही जान लेवा साबित हो सकती है। डॉ रजत अरोड़ा ने कहा कि रोबोटिक सर्जरी और लेप्रोस्कोपी ने किडनी ट्रांसप्लांट सर्जरी में क्रांति आ गई है और इनकी मदद से ट्रांसप्लांटेशन ज्यादा सुरक्षित और दक्ष हो गई है।

# अयोध्या से आए पूज्य पुण्य अक्षत ग्रामीणों को बांटे

- किवाना गांव के मंदिर में विशेष पूजा अर्चना व सत्संग का आयोजन किया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| समालखा

पानीपत के गांव किवाना गांव में अयोध्या से आए पूज्य पुण्य अक्षत को भाजपा जिला महामंत्री कृष्ण छौक्कर ने घर घर जाकर बांटे। उन्होंने ग्रामीणों से 22 जनवरी को रामलला की मूर्ति स्थापना के उपलक्ष्य में घर घर दीपोत्सव मनाने की अपील की। जिला महामंत्री कृष्ण छौक्कर ने बताया 22 जनवरी 2024 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 495 वर्षों बाद रामलला की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा हो रही है। जिस को लेकर अयोध्या से आए पूज्य पुण्य अक्षत (पीले चावल) निमंत्रण पत्र के तौर दिए जा रहे है। उन्होंने बताया 22 जनवरी को रामलला की मूर्ति स्थापना के उपलक्ष्य में किवाना गांव के मंदिर में विशेष पूजा अर्चना व सत्संग का आयोजन किया जाएगा।

## खबर संक्षेप



### गांव अधोया में चल रहा सात दिवसीय कैंप संपन्न

**बराड़ा।** गांव अधोया में स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय परिसर में आयोजित सात दिवसीय 'राष्ट्रीय सेवा योजना' शिविर का समापन हो गया। प्रभारी डॉ बलवंत सिंह तथा कंप्यूटर अध्यापक पवन पराशर ने मुख्य अतिथियों का फूलमालाओं से स्वागत किया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एनएसएस के जिला कोऑर्डिनेटर विजय कुमार पांडे और शिक्षा खंड कार्यालय बराडा से बीआरपी वीरेंद्र सिंह उपस्थित रहे। विद्यालय के प्रवक्ता सुरिंदर कुमार, कप्तान सिंह,स्टाफ सदस्य सहित भारी संख्या में स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

### बुनियादी सुविधाएं दे रही सरकारः राजेश

**नारायणगढ़।** जिला परिषद चेयरमैन राजेश कुमार लाडी ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा सरकार की प्रमुख योजनाओं की पहुंच सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शुरू की गई है, ताकि इन योजनाओं का लाभ समयबद्ध तरीके से सभी लक्षित लाभार्थियों तक पहुंच सके। देश व प्रदेश के वंचित लोगों को बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में सरकार द्वारा सराहनीय कदम उठाए जा रहे हैं।लाडी मंगलवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान गांव डैहर तथा नन्हेड़ा में उपस्थित लोगों को संबोधित कर रहे थे।

### पन्नू को जल्द भारत लाया जाएः शांडिल्य

**अंबाला।** एंटी टेरोरिस्ट फ्रंट के प्रवक्ता एवं जम्मू कश्मीर के प्रभारी व जन सेवा संघ के प्रधान दीपक शांडिल्य ने कहा है की 22 जनवरी को अयोध्या में श्री राम मंदिर का प्रण प्रतिष्ठा कार्यक्रम से पहले आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू ने मुस्लिम समाज को भड़काने के लिए एक वीडियो जारी अमृतसर से अयोध्या तक के सभी एयरपोर्ट बंद करने की धमकी व भारतीय मुस्लिम समुदाय को श्री राम मंदिर कार्यक्रम से पहले भड़काने के लिए वीडियो जारी किया है। शांडिल्य ने कहा की भारत एक शांतिपूर्ण देश है।

### गांव पतरेहड़ी तथा प्रैल में विकसित भारत संकल्प यात्रा जनसंवाद कार्यक्रम में लोगों को किया संबोधित

# विकसित भारत के सपने को साकार करने के लिए सभी का सहयोग आवश्यकः सुरेंद्र राणा

**पीने के पानी की शुद्धता जांचने के लिए ग्रामीणों को 22 किट वितरित की ग्रामीणों को पशुओं की बीमारियों से जुड़ी दवाएं उपलब्ध करवाई**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शहजादपुर





**शहजादपुर।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान स्टालों का अवलोकन करते पूर्व जिप चेयरमैन व गोदभराई करवाते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

जिला परिषद के पूर्व चेयरमैन सुरेंद्र राणा ने कहा कि हर व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं को पहुंचाना ही सरकार का लक्ष्य है। जो भी पात्र नागरिक सरकार की योजनाओं का लाभ लेने से वंचित रह गया है उन्हें योजनाओं से जोडकर लाभान्वित किया जा रहा है। प्रदेश में आमजन के कार्य आसानी से हो रहे हैं। सरकार ने आधुनिक तकनीक का प्रयोग करते व्यवस्था परिवर्तन का काम किया है। राणा मंगलवार को गांव पतरेहड़ी तथा प्रैल में आयोजित विकसति भारत संकल्प यात्रा जनसंवाद कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने 2047 तक भारत को पूर्ण 'विकसित और आत्मनिर्भर' राष्ट्र बनाने की शपथ दिलवाई। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वर्ष 2047 तक विकसित भारत के सपने को साकार करने के लिए सभी का सहयोग बेहद आवश्यक है।

#### घर बैठे मिल रहा लाभ

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के कुशल नेतृत्व में मौजूदा प्रदेश सरकार ने अंत्योदय के मूल मंत्र के साथ विभिन्न प्रकार की सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम छोर पर बैठे वास्तविक हकदार तक पहुंचाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि योजनाओं का लाभ जरूरतमंद नागरिकों पहुंचाने के लिए परिवार पहचान पत्र को क्रियान्वयन का सशक्त माध्यम बन गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेशवासियों को सरल व सुगम माध्यम से सरकारी सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए हरियाणा सरकार की ओर से शुरू की गई परिवार पहचान पत्र योजना का असर अब धरातल पर पर दिखाई देने लगा है।उन्होंने कहा कि सरकार ने लोगों को घर द्वार पर ही सरकार की योजनाओं का लाभ देने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा चलाई हुई है।

#### प्रधानमंत्री का संदेश सुना

उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत, चिरायु कार्ड, जन-धन खाता, हर घर नल से जल, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत जैसी अनेक योजनाएं हैं जिन्हें इस यात्रा के जरिए जनता के समक्ष रखा जा रहा है। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संदेश को बड़ी एलईडी के जरिए सुना और देखा गया। विकसित भारत संकल्प यात्रा जन संवाद के दौरान आज देश में व हरियाणा के विकास की कहानी को एक संक्षिप्त फिल्म के जरिए दिखाया गया। विकसित भारत संकल्प यात्रा जनसंवाद कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा ग्राम वासियों को विभाग द्वारा चलाई जाने वाली स्कीमों बारे तथा आंगनवाड़ी केंद्रों में होने वाली गतिविधियों बारे बताया गया। पोषण अभियान के तहत लोगों को मोटे अनाज को अपने भोजन में शामिल करने बारे जानकारी दी गई। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा लगाई गई स्टॉल पर लोगों को अपने भोजन में मोटे अनाज जैसे की बाजरा, ज्वार, रागी को शामिल करने बारे प्रोत्साहित किया गया।

**ये रहे मौजूद**

गर्भवती महिला की गोद भराई की रस्म की गई। गोद भराई में हरी पत्तेदार सब्जियां डाली गई। स्वास्थय विभाग की 240 ओपीडी तथा आयुष विभाग की 125 ओपीडी हुई। बीपीएल कार्ड संबंधी 8 लाभ पात्रों की व वृद्धावस्था पेंशन सम्बंधी 2 लोगों की तथा उज्जवला योजना का लाभ लेने से सम्बंधी 1 महिला पात्र लाभार्थीयों की जरूरी औपचारिकताएं पूरी की गई, आयुष्मान कार्ड 5 बनाए गए।जनस्वास्थ्य विभाग द्वारा पानी की शुद्धता जांचने के लिए 22 किट वितरित की गई। पशुपालन विभाग द्वारा 22 पशुपालकों को पशुओं की बीमारियों से जुड़ी दवाइयां दी। इस अवसर पर बीडीपीओ नेहा शर्मा, डीएनटी बोर्ड के सदस्य अशोक पाल, सरपंच गुरशरण कौर, कंवरपाल, सरपंच जितेंद्र कुमार, महामंत्री विक्रम राणा व लक्की गोंदी, रामकरण सैनी, वेदांत श्र्मा, गोल्डी राणा, रामपाल, गुलशन, पैक्स डायरेक्टर नीलम कुमार, दीदार सिंह, संजय सैनी, सोमपाल राणा, सुनील मेहता, अमित राणा, संदीप शर्मा, संजय मेहता, पंच मनीष, श्याम लाल, पूर्व सरपंच रामकुमार, तथा सोनू धमौली भी मौजूद रहे।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा का गांव बिल्ला में ग्रामीणों ने किया स्वागत

■ विकसित भारत संकल्प यात्रा जनसंवाद के दौरान विभिन्न विभाग एक ही छत के नीचे लोगों को विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का दिया जा रहा लाभ : मेयर कुलभूषण गोयल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पंचकूला

विकसित भारत संकल्प यात्रा जनसंवाद का आज गांव बिल्ला पहुँचने पर भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर राजकीय उच्च विद्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसने नगर निगम महापौर श्री कुलभूषण गोयल ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम में हरियाणा बाल कल्याण परिषद की मानद महासचिव रंजिता मेहता भी उपस्थित थी। इस मौके पर कुलभूषण गोयल ने राजकीय उच्च विद्यालय में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टाल का अवलोकन किया और लाभार्थियों को विभिन्न योजनाओं के तहत दी जा रही सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे प्रत्येक लाभार्थी को धैर्यपूर्वक सुने और उसकी समस्या का मौके पर ही समाधान करने का प्रयास करें। इसके अलावा नए पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ देना सुनिश्चित करें।ग्रामीणों को संबोधित करते हुए श्री गोयल ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा गांवों को शहरों की तर्ज पर विकसित किया जा रहा है ताकि लोगों को सभी आवश्यक सुविधाएं गांवों में ही उपलब्ध हो सके। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल की सोच है कि केंद्र व राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पंक्ति में खंडे अंतिम व्यक्ति तक पंहुचे।

**ये रहे उपस्थित**

इस मौके पर गोयल ने उपस्थित लोगों को विकसित भारत की शपथ दिलवाई और प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, आयुष्मान योजना, वृद्धावस्था सम्मान भत्ता योजना के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र भेंट किए। इसके उपरांत विकसित भारत संकल्प यात्रा जनसंवाद गांव खंगेसरा में प्रवेश कर गई जहां ग्रामीणों और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने यात्रा का भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर नगर निगम के कार्यकारी अभियंता अजय पंघाल, पार्षद सतबीर चैधरी, बरवाला मंडलाध्यक्ष गौतम राणा, सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## मारपीट के आरोपित के खिलाफ कार्रवाई के आदेश

■ विज ने अपने आवास पर प्रदेशभर से आए सैकड़ों की समस्याएं सुनीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



**अंबाला।** विज आवास के बाहर लगी फरियादियों की लाइनें। *फोटो : हरिभूमि*

गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने विवाहिता की शिकायत पर संज्ञान लेते मारपीट करने वाले पति के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश पानीपत के एसपी को दिए। विज मंगलवार अंबाला में अपने आवास पर प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए सैकड़ों लोगों की समस्याओं को सुन रहे थे। पानीपत से आई विवाहिता ने बताया कि 25 वर्ष पूर्व उसकी शादी हुई थी। अब उसका पति उसके साथ तथा बेटे के साथ मारपीट करता है। उसे घर से निकालने पर मजबूर किया जा रहा है। विवाहिता ने पति द्वारा मारपीट करते हुए की वीडियो भी मंत्री को दिखाई। इस पर उन्होंने संज्ञान लेते हुए एसपी पानीपत को फोन कर कार्रवाई के निर्देश दिए। करनाल से आए फरियादी ने बताया कि गत दिनों उसके भाई की मारपीट के बाद मौत हो गई थी। पुलिस ने इस मामले में पहले हत्या का केस दर्ज किया था, मगर अभी तक मामले में लिप्त आरोपियों को पकड़ा नहीं जा सका है। एसपी करनाल से इस केस की स्टेट्स रिपोर्ट तलब की। साथ ही आरोपियों को गिरफ्तार करने के निर्देश भी दिए। इसी प्रकार जींद से आए फरियादी ने बताया कि उसके भाई की हत्या कुछ माह पूर्व हुई थी। इस मामले में पुलिस ने कुछ आरोपी गिरफ्तार किए जबकि मुख्य आरोपी को अभी तक गिरफ्तार नहीं किया जा सका है। उन्होंने पुलिस पर ढुलमुल कार्रवाई के आरोप लगाए। इस मामले में जींद एसपी से कार्रवाई रिपोर्ट तलब की। सोनीपत से आए फरियादी ने बताया कि उसने एक ट्रक खरीदा था जोकि अपने दोस्त के नाम से लिया गया था। सारा पैसा उसने स्वयं दिया, मगर अब उसका दोस्त दगाबाजी करते हुए न ट्रक उसको दे रहा है और न ही पैसे वापिस कर रहा है। विज ने सोनीपत पुलिस कमिश्नर को जांच के निर्देश दिए। हिसार से आई युवती ने बताया कि उसे स्टडी वीजा पर कनाडा भेजने के नाम पर एजेंट ने उससे 9.50 लाख रुपए की ठगी की। उसके फर्जी कागजात बनवाए गए। जब उन्हें इस बात का पता चला, तो उन्होंने पैसे वापस मांगे मगर न तो उसे पैसे दिए गए और न ही विदेश भेजा गया। एसआईटी को जांच के निर्देश दिए। इस अवसर पर अंबाला रेंज के आईजी शिबास कबिराज, डीएसपी आशीष चौधरी, ईओ जरनैल सिंह आदि मौजूद रहे।

## हादसे रोकने के लिए हाईवे पर ब्लैकस्पॉट को खत्म करें

■ एडीसी ने रोड सेफ्टी की मीटिंग में अधिकारियों को दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अतिरिक्त उपायुक्त अपराजिता ने मंगलवार को सडक़ सुरक्षा समिति के तहत अधिकारियों को जरुरी निर्देश दिए। उन्होंने ब्लैक स्पॉट, रोड सेफ्टी ऑडिट, ऑटोमेटिक चालक लाइसेंस सेंटर स्थापित करने बारे, स्कूल वाहन पॉलिसी के साथ-साथ अन्य बिंदुओं की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने पिछली मीटिंग के एजेंडे पर भी बातचीत की। आरटीओ सुशील कुमार ने एंजेडें के माध्यम से तमाम बिंदुओं पर रिपोर्ट दी। उन्होंने रोड़ एजेंसी को जहां पर भी जरुरत हो सडक़ पर सफेद पट्टी लगाने के आदेश दिए। इसके साथ-साथ अवैध खनन व ओवर लोडिंग के तहत नारायणगढ-रायपुररानी रोड़ व कक्कड़माजरा के नजदीक रात के समय रेगुलर चैकिंग करने के भी निर्देश दिए ताकि इन गतिविधियों पर भी लगाम लगाई जा सके। उन्होंने काला अंब-बलदेवनगर रोड़ पर जरुरत अनुसार सडक़ रिपेयर करने को भी कहा। उसे भी दो सप्ताह के अंदर करने के निर्देश दिए। नगर निगम व नगर परिषद के अधिकारियों को बेसहारा पशुओं के गले में रिफ्लेक्टर संबंधी पट्टी लगाने के आदेश दिए। धुंध के मौसम को देखते हुए यह कार्य किए जाने बेहद आवश्यक है। उन्होंने लोगों से भी अपील की कि धुंध के मौसम को देखते हुए यातायात नियमों का पालन करें। सीट बेल्ट का प्रयोग करें।

## विकसित भारत संकल्प की शपथ दिलाई

■ केंद्र व राज्य सरकार जरुरतमंद लोगों की सरकार : पूर्व विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



**अंबाला।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान लगे स्टालों का अवलोकन करते पूर्व विधायक व शपथ लेते ग्रामीण। *फोटो : हरिभूमि*

विकसित भारत संकल्प जन संवाद यात्रा मंगलवार को गांव फड़ौली, कोटकछुआ कलां, मिर्जापुर-धुराली व औजलां पहुंची। यहां पहुंचने पर ग्रामीणों ने विकसित भारत संकल्प यात्रा का स्वागत किया। इस मौके पर पूर्व विधायक एवं प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य राजबीर बराड़ा ने उपस्थित सभी को हमारा संकल्प विकसित भारत की शपथ भी दिलवाई। पूर्व विधायक राजबीर बराड़ा ने इस मौके पर उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र व प्रदेश में डबल इंजन की सरकार चल रही है। हर वर्ग के लिए योजनाएं क्रियान्वित की गई हैं। वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाना है। यही यात्रा को निकाले जाने का उद्देश्य है और देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इस सपने एवं संकल्प को हमें मिलकर पूरा करना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में विकसित भारत संकल्प जन संवाद यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। इस यात्रा को लेकर सभी में उत्साह व जोश है। देश व प्रदेश में जनहित के लिए जो भी कल्याणकारी योजनाएं चलाई गई हैं। उन योजनाओं का लाभ अंतिम छोर में बैठे योग्य व्यक्ति को मिले इसके लिए सरकार कृत संकल्प है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के कुशल नेतृत्व में हर वर्ग के उत्थान के लिए निरंतर कार्य किए जा रहें हैं। यात्रा को निकाले जाने का मुख्य उद्देश्य यही है कि जो व्यक्ति जिस योजना के तहत पात्र हैं, यदि किसी कारणवश उसे योजना का लाभ नहीं मिला है तो उसे योजना का लाभ दिलवाना हैं। विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से केन्द्र व प्रदेश सरकार द्वारा जो योजनाएं क्रियान्वित की गई है उस बारे आम जन को भी जागरूक करना हैं। इस मौके पर उन्होंने यह भी कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने धारा 370 को तोडक़र भारत को एक करने का काम किया है।

अब पूरे देश में एक झंडा व एक संविधान है। जम्मू-कश्मीर में भी अमन व शांति का माहौल है। भारतीय जनता पार्टी जनहित की सरकार है और सभी वर्गों के हितों के लिये कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि पूर्व की सरकारों में भ्रष्टाचार व घोटालों का बोलबाला था, सभी इससे परिचित हैं।

## सीमा ने दूसरे वर्ष भी 600 में से 500 अंक प्राप्त किए

■ 54वर्ष की आयु में आईटीआई से सिलाई कढ़ाई कोर्स पास किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणगढ़



सीमा पसरीचा

समाजसेवी संस्था जीवन मुक्त निशुल्क की अध्यक्ष सीमा पसरीचा ने 54वर्ष की आयु में आईटीआई से नियमित सिलाई कढ़ाई कोर्स पास कर महिलाओं के लिए एक मिसाल कायम की है। सीमा ने कोर्स के दूसरे साल भी 600 में से 500 अंक प्राप्त किए हैं । सीमा पसरीचा ने 52 वर्ष की आयु में आईटीआई में सिलाई कढ़ाई कोर्स में दाखिला लिया और नियमित रूप से अपनी कक्षाएं लगाई। पसरीचा ने बताया कि वह हमेशा से ही सिलाई कढ़ाई के क्षेत्र में काम करना चाहती थी लेकिन कोई सर्टिफिकेट न होने की वजह से कहीं आवेदन नहीं कर पा रही थी। उन्होंने बताया कि आईटीआई में एडमिशन का समय आने पर उन्होंने समाज सेवी संस्था जीवन मुक्त निशुल्क विद्यालय के पदाधिकारियों के सहयोग से संबंधित विभाग के अधिकारियों से बातचीत की। जहां से उन्हें 52 वर्ष की आयु में सिलाई कोर्स में दाखिले की अनुमति मिली। सीमा पसरीचा उन सभी महिलाओं के लिए प्रेरणा स्त्रोत हैं जिनकी शिक्षा किसी न किसी कारण से अधूरी रह गई है। या जो महिलाएं घर की आर्थिक स्थिति मजबूत करना चाहती हैं।

**19 दिन में दस हजार किलोमीटर का सफर पूरा**

## कार से तय किया जर्मनी से बराड़ा तक का सफर

रहमदीन ▶▶| बराड़ा



**बराड़ा।** यात्रा के दौरान लिए गए फोटो।

यहां का युवक जर्मनी से इंडिया तक हजारों किलोमीटर का सफर कार से तय करके लगभग 19 दिन बाद इंडिया पहुंचा। जर्मनी से इंडिया तक की कार यात्रा की चर्चा हर ओर हो रही है। धर्मेंद्र सिंह मुल्तानी (45) ने अपनी यात्रा वृतांत 'मुल्तानी मेरा सफर यात्रा' के बारे में बताया कि वह जर्मनी से 13 नवंबर 2023 को अपने दोस्त भूपेंद्र सिंह लवली (पाकिस्तान) के साथ चला। उन्होंने मीडिया को बताया कि उन्होंने अपनी यात्रा जर्मनी के शहर मैगडेबर्ग से 13 नवंबर से शुरू की। इस यात्रा के दौरान उन्होंने 13 देशों जर्मनी, ईरान, पाकिस्तान, सर्बिया, रशिया, जार्जिया, चेक रिपब्लिक, स्लोवाकिया, हंगरी, तुर्की समेत कई देशों के बॉर्डर पार किए। इसके बाद वह 26 नवंबर 2023 को पाकिस्तान में स्थित ननकाना साहिब में पहुंचे। उन्होंने यात्रा तय किया था कि ननकाना साहिब में श्री गुरू नानक देव जी के जन्म दिहाड़े के अवसर पर पहुंचेंगे। वहां से दर्शन कर वह इंडिया के लिए निकलेंगे।

#### रास्ते में कई प्रकार की आई कठिनाइयां

धर्मेंद्र व भूपेंद्र को इस यात्रा के दौरान कई जगहों पर परेशानियां भी आई। धर्मेंद्र ने बताया कि उन्हें हर देश के अंदर एंट्री करते ही वहां की संस्कृति, रहन-सहन व खान-पान से जहां रूबरू होने का मौका मिला लेकिन वहां की भाषा से अनजान होने पर उन्हें कई प्रकार की परेशानियां भी आई। ईरान में तो उनकी गाड़ी में गलती से डीजल की जगह पेट्रोल डल गया जिसके बाद गाड़ी को रिपयेर तक करना पड़ा। इसी प्रकार ईरान, तुर्की आदि कई देशों में उन्हें ऐसे परेशानियां आई लेकिन फिर भी उनकी यात्रा उनके लिए काफी मंनोरजक रही। 10 हजार किलोमीटर की इस यात्रा का खर्च लगभग पांच लाख रूपये आया। 13 नवंबर से शुरू होकर वह अब बराड़ा में पहुंचे। इस यात्रा के लिए वह पिछले लगभग अढ़ाई साल से प्लानिंग कर रहे थे।

## खतौली 15.83 लाख रुपये की लागत से 75 स्ट्रीट लाइटों से गांव जगमग

■ गृहमंत्री अनिल विज ने खुद लाइटों का स्विच ऑन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

गांव खतौली में 15.83 लाख रुपये की लागत से 75 स्ट्रीट लाईटों से पूरा गांव जगमग हो गया। गृहमंत्री अनिल विज ने स्विच ऑन किया। इसके लिए ग्रामवासियों ने विज का आभार व्यक्त किया। इससे पहले यहां पहुंचने पर विज का ग्रामीणों ने पुष्प माला पहनाकर व फुलों की वर्षा कर अभिनंदन भी किया। इस मौके पर ग्रामीणों को इन लाईटों की सौगात मिलने पर बधाई देते कहा कि पूरे गांव में इन स्ट्रीट लाईटों के लगने से गांव की सुंदरता और बढ़ेगी। लाखों की लागत से लाइटों को लगाने का काम किया गया है। कहा कि इन लाईटों के लगने से रात के समय में लोगों के आवागमन में सुगमता होगी। पहले भी गांवों में जो भी विकास कार्य उनके संज्ञान में लाए गए है उन्हें करवाने का काम किया है। कहा कि गांव खतौली के साथ-साथ गांव जनैतपुर व टुंडली में स्ट्रीट लाईटों की सौगात जल्द ही ग्रामवासियों को मिलेगी।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो वह निम्न टेलीफोन नम्बरों पर कार्यालय समय पर सूचित करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 8295154800, 9253681005